भारतीय और विदेशी फर्मों के सहयोग से चल रहे संयुक्त उद्यमों के कार्यनिष्पादन के संबंध में कराया गया सर्वेक्षण

1423. **श्री अजीत जोगी:**
श्री शमशेर सिंह सुरजेवाला:

क्या **वाणिज्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने भारतीय और विदेशी फर्मों के सहयोग से चल रहे संयुक्त उद्यमों के कार्य निष्पादन के संबंध में कोई सर्वेक्षण किया है;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या परिणाम निकले हैं; और

(ग) विदेशों में स्थित भारतीय संयुक्त उद्यमों की कमियों/खामियों को दूर करने के लिए क्या कदम उठाये गये हैं?

वाणिज्य मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री बोल्ला बुल्ली रमैया): (क) और (ख) जी, नहीं। विदेशों में भारतीय संयुक्त उद्यमों के संबंध में विगत हाल ही में कोई अध्ययन नहीं किया गया है। तथापि, संयुक्त उद्यमों/पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनियों के कार्यों पर आर०बी०आई० द्वारा मामले-दर-मामले के आधार पर निगरानी रखी जाती है तथा आवश्यकतानुसार समुचित उपाय किए जाते हैं।

(ग) सरकार विदेशों में संयुक्त उद्यमों/पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनियों में भारतीय प्रत्यक्ष पूंजी निवेश संबंधी दिशानिर्देशों की समय-समय पर पुनरीक्षा कर उन्हें संशोधित करती रहती है ताकि उनमें और अधिक उदारता लायी जा सके। तथापि, यदि कोई भारतीय फर्म इन दिशानिर्देशों के किसी प्रावधान का उल्लंघन करती है अथवा अनुमति-पत्र में निहित किसी शर्त को पूरा करने में विफल रहती है अथवा यदि आर०बी०आई० इस बात से संतुष्ट है कि ऐसा करना जन हित में है तो, आर बी आई मौजूदा दिशानिर्देशों के पैरा 18 के अनुसार, भारतीय पार्टी को आपकी साझेदारी को समाप्त करने तथा सभी प्राप्तियों एवं हकदारियों को निश्चित अवधि के भीतर भारत में भेजने के निर्देश दे सकता है।

Anomaly in STC Service Charges

1424. SHRI GOVINDRAM MIRI: Will the Minister of COMMERCE be pleased to state:

(a) whether Government's attention has since been drawn towards the newsitem, appeared in 'The Hindustan Times' dated the 15th July, 1997, captioned "Anomaly in STC service charges"; and

(b) if so, the reaction of Government thereto?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COMMERCE (SHRI BOLLA BULI RAMAIAH): (a) Government have noted the captioned newsitem "Anomaly in STC service charges" which appeared in the Hindustan Times of India dated 15th July, 1997.

(b) Administrative Staff College of India (ASI), Hyderabad had examined the aspect for payment of service charge and overheads on commodities handled by STC. Based on the recommendations made by Administrative Staff College of India (ASI), Hyderabad which were accepted, the Government had been making payment of overheads to STC in proportion to sales in addition to interest on capital employed plus 0.5% of CIF value as service charge in respect of import of edible oils. However, in regard to import of sugar during 1994-95, Ministry of Finance decided for payment of 1.20% of CIF value to STC as service charge, which was paid by FCI. The same rate of service charge as for sugar has been mutually agreed to between FCI and STC for wheat imports. The service charge of Rs. 17 PMT being paid to STC for urea imports is as was fixed by the Govt. for MMTC and other PSUs etc. for similar imports.

पुराने टायरों के आयात पर प्रतिबंध

1425. **प्रो० विजय कुमार मल्होत्रा:** क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारतीय टायर उद्योग ने पुराने टायरों के आयात पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है;

(ख) क्या पुराने और नये टायरों को आयात के लिए प्रतिबंधित वस्तुओं की श्रेणी से हटाकर मुक्त श्रेणी के अन्तर्गत रखा गया है; और

(ग) भारतीय टायर उद्योग की मांग पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?